हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 अगस्त 2025

04 कतिपय लोगों के ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी के फोटो पर ...

07 रांवसर में 67वें रविवार को गीता स्वाध्याय संपन्न हुआ

खामखेड़ा में प्राचार्य का ट्रांसफर बना विवाद : नाराज छात्रों ने सड़क पर बैठकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन क्षेत्र के खामखेड़ा गांव में सोमवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने प्राचार्य के ट्रांसफर के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं स्कूल से निकलकर आरोन-अशोकनगर मार्ग पर बैठ गए और रास्ता जाम कर दिया।

अचानक हुई इस नारेबाजी और चक्काजाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा। दरअसल, खामखेड़ा का शासकीय विद्यालय कक्षा 10वीं तक संचालित है। यहां लंबे समय से प्राचार्य कालू सिंह डोंडवा कार्यरत थे।

वे न केवल हाई स्कूल बल्कि प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं की जिम्मेदारी भी संभालते थे। हाल ही में उनका तबादला कर दिया गया, जिससे विद्यालय में शिक्षकों की कमी और गहराने लगी। अब स्कूल का संचालन अस्थायी रूप से एक अतिथि शिक्षक के हवाले कर दिया गया है, जिसे लेकर छात्र और

अभिभावक दोनों ही नाराज हैं। उनका कहना है कि पढ़ाई पहले से प्रभावित थी और अब प्राचार्य के हटने से शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाएगी।प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने साफ चेतावनी दी कि जब तक प्राचार्य को वापस पदस्थ नहीं किया जाता, वे सडक़ से नहीं हटेंगे।

लगातार हो रही नारेबाजी और सडक़ पर डटे छात्रों को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों से बातचीत की। उन्होंने समझाइश देते हुए आश्वासन दिया कि मामले को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उचित निर्णय के लिए प्रयास किए जाएंगे। हालांकि प्रशासन की अपील के बाद भी विद्यार्थी अपनी मांग पर अड़े रहे और सडक़ पर बैठे रहे। उनका कहना था कि प्राचार्य का ट्रांसफर तत्काल निरस्त किया जाए, तभी वे चक्काजाम खत्म करेंगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस लगातार मौजूद रही और प्रशासनिक अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। खामखेड़ा के इस घटनाक्रम ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था में संसाधनों की कमी और शिक्षक नियुक्तियों की समस्या को उजागर कर दिया है।

कैंट थाना पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का किया खुलासा

12 घंटे में पुलिस ने जंगल से बरामद की चोरी गई गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन और जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार की जा रही सख्त कार्यवाही के तहत कैंट थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। कैंट थाना क्षेत्र के चौथे पेट्रोल पंप पार्किंग से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर ही जंगल से बरामद कर लिया। पुलिस की त्वरित सर्चिंग और दबिश कार्यवाही को देखते हुए आरोपी वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गया। कैंट थाना पुलिस के अनुसार फरियादी शैलेन्द्र कुमार श्रीमाल निवासी नईसड़क गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने तीन माह पहले नया स्वराज 744 ट्रैक्टर खरीदा था। 20 अगस्त की रात को उसने अपना ट्रैक्टर और ट्रॉली चौथे पेट्रोल पंप की पार्किंग में खड़ा किया था। 22 अगस्त को जब वह ट्रैक्टर लेने पहुंचा तो गाड़ी वहां से गायब थी। इस संबंध में थाना कैंट में अपराध क्रमांक 812/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की और संभावित स्थानों पर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस की लगातार खोजबीन और सुरागों के आधार पर मात्र 12 घंटे में ही ऊमरी-पाटई के बीच जंगल से चोरी हुआ



ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पुलिस की दबिश और सर्चिंग को देखते हुए आरोपी ने वाहन जंगल में छोड़ दिया और भाग निकला।

पुलिस ने चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को सुरक्षित जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है। इस कार्यवाही में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, सउनि ईश्वर टोप्पो, प्रधान आरक्षक अमित तिवारी, प्रधान आरक्षक गौरीशंकर सांसी, आरक्षक सूर्यभान जाट, आरक्षक शुभम रघुवंशी,राजू बघेल, विकास राजपूत एवं आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

आरोन पुलिस ने हाथ भट्टी की 80 लीटर अवैध शराब के साथ पारदी को गिरफ्तार किया

गुना । जिले की आरोन थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अशोकनगर जिले के एक पारदी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से हाथ भट्टी की बनी 80 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई है। घटना बीते रोज की है जब पनबाड़ी हाट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक चंद्रप्रकाश दीक्षित को सूचना मिली कि मशीदपुर-पनबाड़ी हाट रोड पर खुईयाबाग के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक की दो बड़ी कैनों में शराब लेकर बेचने या कहीं और ले जाने की फिराक में बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुंदर पुत्र रघुनाथ पारदी (25) निवासी ग्राम माधौगढ़ थाना कचनार जिला अशोकनगर बताया।पुलिस ने जब कैनों की जांच की तो उनमें हाथ भट्टी की बनी कुल 80 लीटर अवैध कच्ची शराब पाई गई। मौके से शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ आरोन थाने में अपराध क्रमांक 404/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक चंद्रप्रकाश दीक्षित, प्रधान आरक्षक करण सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रेमनारायण राणा, प्रधान आरक्षक राममोहन दुबे, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र पाल, आरक्षक नीतेश दुबे, आरक्षक तरुण पटेल, आरक्षक कमलेश कुमार एवं आरक्षक गौरव शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

आरोन पुलिस ने पेट्रोल पंप लूट और गल्ला व्यापारी से लूट के प्रयास में फरार अंतिम आरोपी भी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्ती दिखा रही है। इसी कड़ी में आरोन थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गत वर्ष पेट्रोल पंप संचालक से हुई लूट और गल्ला व्यापारी से लूट के प्रयास के मामलों में फरार चल रहे अंतिम आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन, एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई से दोनों मामलों की विवेचना पूरी हो गई है।घटना के अनुसार 15 अप्रैल 2024 को आरोन क्षेत्र स्थित पनबाड़ी हाट पर श्रीराधे फिलिंग स्टेशन के संचालक प्रवेश रघुवंशी के साथ बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने करीब 6.95 लाख रुपये की लूट की थी। इस मामले में आरोन थाने में अपराध क्रमांक 251/24 धारा 392 एवं 395 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसके बाद 30 मई 2024 को ही आरोन में गल्ला व्यापारी सुनील जैन के साथ 17 लाख रुपये की लूट का प्रयास किया गया। हालांकि यह प्रयास असफल रहा, लेकिन पुलिस ने इस घटना को भी गंभीरता से लेते हुए अपराध क्रमांक 359/24 धारा 393 और 395 भादवि में प्रकरण दर्ज किया। दोनों ही मामलों की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वारदातें एक ही गिरोह ने अंजाम दी थीं। पेट्रोल पंप लूट मामले में कुल 9 आरोपी और गल्ला व्यापारी लूट प्रयास मामले में 10 आरोपी शामिल पाए गए। पुलिस ने सतत प्रयास करते हुए दोनों मामलों में क्रमशः 8 और 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन एक आरोपी लगातार फरार चल रहा था। जिसमें आरोपी सद्दाम बेग उर्फ राजा उर्फ दतेड़ा पुत्र सईद उर्फ रईश खान निवासी छपेटी मोहल्ला, सिरोंज जिला विदिशा है। आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी और आखिरकार 24 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर आरोन थाना पुलिस ने उसे धर दबोचा। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक होंडा साइन मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नदी किनारे कचरा डालने पर होगा जुर्माना

गुना(हरिभूमि न्यूज)। भगत सिंह कॉलोनी में चल रहे ओड़िया नदी के गहरीकरण एवं चौड़ीकरण अभियान के दौरान साफ सफाई और अतिक्रमण हटाने का कार्य चल रहा है।इसी के पास स्कूल स्टॉफ द्वारा लगातार तीन दिन से वहां पर कचरा डाला जा रहा था, आज कलेक्ट श्री किशोर कुमार कान्याल एवं अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा मौके पर कचरा देखकर तुरंत राशि 5000 का जुर्माना लगाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने बताया कि शहर में नदियों के किनारे इस प्रकार गंदगी करने तथा न्यूसेंस फैलाने पर आगामी समय में और भी कठोर कार्रवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर वासियों के सहयोग से नदियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। शहरवासी इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। नदियों को गंदा न करें उनके आसपास सफाई रखें एवं नगर पालिका के कर्मचारियों को सफाई बनाने में अपना पूरा योगदान दें जिससे नदियों के आसपास सुंदरता बनेगी स्वच्छ निर्मल पानी का बहाव होगा। शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें और संपूर्णता से योगदान दें। चालानी कार्रवाही के दौरान सहायक यंत्री शैलेन्द्र अवास्या,उपयंत्री नितिन चंदेल,अमित आर्य,शकील खान आदि उपस्थित हुए।

रामदेव बाबा की पालकी यात्रा निकाली जगह जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

बंजारा नायक समाज द्वारा परंपरानुसार इस वर्ष भी रामदेव बाबा की पालकी यात्रा भव्य रूप से निकाली गई। यह यात्रा सियाराम आश्रम रोड से प्रारंभ होकर नगर परिषद, बाईपास, तहसील चौराहा, श्री राम रघुवंशी धर्मशाला, इंदिरा पार्क, पुराना बस स्टैंड चौराहा, मेंन मार्केट, दास हनुमान मंदिर होते हुए रामदेव बाबा मंदिर पहुंची। पालकी यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के आगे-आगे डीजे पर बाबा रामदेव के भजन गूंज रहे थे, जिनकी धुन पर श्रद्धालु उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए चल रहे थे। सबसे आगे भक्तगण बाबा का निशान ध्वज लेकर चल रहे थे, जिनके पीछे पालकी में विराजमान बाबा रामदेव का स्वरूप श्रद्धा से उठाया जा रहा था। पालकी के पीछे-पीछे बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं, जो धार्मिक गीतों की लय पर झूमते हुए यात्रा को आनंदमय बना रही थीं। इस शोभायात्रा में न केवल नगरवासी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों एवं बाहर से आए समाजबंधु भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए और श्रद्धा-भक्ति से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

रामदेव बाबा जयंती पर निकाले गए चल समारोह का भाजपा मंडल द्वारा स्वागत

आरोन। रामदेव बाबा जयंती के अवसर पर नायक बंजारा समाज द्वारा निकाले गए विशाल चल समारोह का भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन द्वारा पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया एवं पालकी में विराजमान रामदेव बाबा पुष्प माला श्रीफल आरती आरती की गई एवं आतिशबाजी के साथ नायक एवं बंजारा समाज का हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह कुशवाह किसान मोर्चा अध्यक्ष लखनपुरी गोस्वामी जिला अनुसूचित जाति मोर्चा मंत्री तुलाराम सिलावट प्रकाश मीणा छगनलाल तिवारी मंडल मंत्री लखन अहिरवार मंत्री शेखर सुमन अनुसूचितजाति मोर्चा महामंत्री हीरालाल बुनकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री रवि शंकर सेन ठान सिंह धाकड़ दिनेश शर्मा इंद्रपाल बागड़ी राधेश्याम सोनू बाल्मिकआदि उपस्थित हुए।

गुना पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान : कई वाहन चालक यातायात नियमों की गंभीर अनदेखी करते हुए पाए गए

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 वाहनों पर की गई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में जिले में यातायात पुलिस द्वारा आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु निरंतर अभियान चलाये जा रहे हैं । साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्यवाहियां भी की जा रही हैं ।

इसी इसी दिशा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह और उनकी यातायात टीम के द्वारा दिनांक 25 अगस्त 2025 को शहर में जिला न्यायालय, हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, जगत होटल तिराहा, लाहोटी मार्ग तिराहा, जज्जी बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर यात्री बसों एवं ऑटो रिक्शा वाहनों की चेकिंग की गई । इस दौरान कई वाहन चालक यातायात नियमों की गंभीर अनदेखी करते हुए पाए गए ।

आम रास्तों पर अवरोध उत्पन्न करने एवं नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने पर संबंधित चालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्यवाही की गई । चेकिंग के दौरान पूजा ट्रेवल्स की एक बस बिना वैध परमिट पाई गई, शारदा बस के पास प्रदूषण प्रमाणपत्र (PUC) उपलब्ध नहीं था, वर्षा बस एवं प्रियंका बस के स्टाफ निर्धारित वर्दी में नहीं पाए गए एवं चैक किये गये लगभग सभी ऑटो रिक्शा चालक पूरे वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए । चेकिंग कार्यवाही में कुल 16 वाहनों पर 27,500/-रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया । इस दौरान यातायात प्रभारी के द्वारा सभी वाहन मालिकों एवं ट्रांसपोर्टर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों के वैध दस्तावेज पूर्ण रखें ।

साथ ही हिदायात दी गई कि अंबेडकर चौराहा से मारुति शोरूम के बीच अनावश्यक रूप से वाहन पार्क करने वालों के विरुद्ध विधि अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ।

समाचार संक्षेप

पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने किया वार्डों में जनसंपर्क, जानी लोगों की समस्याएं

राघौगढ़ । पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 का भ्रमण जनसंपर्क किया एवं वार्डवासियों से रूबरू होकर जन समस्याओं को जाना और उनकी जन समस्या के समाधान हर संभव प्रयास आश्वासन दिया। सिंह का वार्ड वासियों ने माला पहनकर साफा बांधकर स्वागत किया वार्ड में आरो का पानी नहीं आ रहा वार्ड में आरो का पानी मिले अतिक्रमण अब ना हो फोग मशीन वार्ड में प्रतिदिन घूमे जिससे मच्छरों की समस्या से निजात हो सके । बीमारियों पर रोकथाम लगे खराब हेड पंप ठीक करवाना वार्ड भ्रमण के दौरान लोगों को सौर ऊर्जा लाइट लगाने को कहा गया । श्री सिंह ने चिंता जाहिर की गरीब वर्ग अपना जीवन यापन बीड़ी बनाकर करते हैं सभी गरीब वर्ग को कुटी मिले नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली इस अवसर पर गजानंद सोनी एजाज खान राजीव साहू डॉ. फरीदुद्दीन दौराना नगर वरिष्ठ जन एवं वार्ड वासी मौजूद रहे।

श्री बाबा रामदेवरा का मनाया जन्मोत्सव, निकाली शोभायात्रा

राघौगढ़ । नगर मे भगवान श्री बाबा रामदेवरा जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में बंजारा समाज बंधुओ द्वारा नगर के मुख्य मार्ग से विशाल शोभायात्रा बैंड ढोल ढामाकों के साथ निकल गई । मुख्य चौराहे पर सर्व हिन्दू समाज संगठन के अध्यक्ष गुलाब सिंह के नेतृत्व में विमान में विराजमान भगवान श्री रामदेवरा के चित्र पर फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की एवं सभी समाज बंधुओ का फूलमाला कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया । इस अवसर श्याम ओझा बृजमोहन अग्रवाल गोलू गुर्जर बनवारी सोनी बंटी भार्गव विशाल पटवा राजा जोशी सुनील राजपूत विजय भार्गव दीपक सोनी ललित साहू सुनील राजपूत कृष्ण प्रजापति गिन्नी गुर्जर महेश वांशकर दीपक बुनकर सोनू सेन उपस्थित थे।

आरोन में किसानों के शोषण को रोकने के लिए व्यापारी संघ ने दिया प्रशासन को ज्ञापन



आरोन। आरोन गल्ला मंडी व्यापारी एसोसिएशन के व्यापारियों ने सोमवार को गल्ला मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री विजय डोडिया, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन बाख़र के नेतृत्व में आरोन गल्ला मंडी में लगातार हो रहीं अनियमितताओं को रोकने एवं क्षेत्र के किसानों की उपज की सही तौल कराने सहित विभिन्न मांगों के संदर्भ में गल्ला मंडी सचिव मनोज शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी महेश बोमन्या को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। इन ज्ञापनों के माध्यम से गल्ला मंडी व्यापारी संघ के व्यापारियों ने यह मांग प्रशासन के समक्ष रखी कि आरोन गल्ला मंडी में किसान बंधु जो अपनी कृषि उपज में नीलामी के लिए लाते हैं उस कृषि उपज की तौल के दौरान भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।जिसके कारण से क्षेत्र के किसान भाइयों को शोषण का सामना करना पड़ रहा है। एवं आरोन अनाज मंडी में अन्य कई प्रकार की और भी अनियमितताएं सामने आ रही है। अतः व्यापारियों ने मांग की है कि मंडी में धर्म कांटा लगाया जाए और किसानों की उपज की तौल धर्म कांटे से ही की जाए। जिससे किसानों का किसी भी प्रकार से शोषण ना हो पाए। इस ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मंडी की सुरक्षा व्यवस्था को भी व्यवस्थित करने की मांग की । इस अवसर पर आरोन गल्ला मंडी व्यापारी एसोसिएशन के सभी व्यापारी मौजूद थे।

स्वर विज्ञान से स्वर को नियंत्रित करने वाला योगीः मुनि दुर्लभ सागर

आरोन। नगर मे चल रहे आचार्य श्री विधासागर महामुनि राज के बात्सल्य मुर्ति शिष्य दुर्लभ सागर का मंगल चातुर्मास नगर में हो रहा है । इस चातुर्मास के अंतर्गत नित्य धर्म की गंगा बह रही है मुनि श्री के चातुर्मास अंतर्गत धर्म उपदेश मे कहा कि स्वर को नियत्रिंत करने बाला योगी के समान है मनुष्य स्वर विज्ञान एवं मंत्र साधना द्वारा भाग्य परिस्थिति को जान कर उनको अपने अनुकूल कर नियंत्रित कर सकता है अतः मुनिश्री ने स्वर विज्ञान के गहन विषय बताया कहा कि इसमें निरंतर अध्ययन एवं साधना के साथ मंत्रो को सिद्ध कर भाग्य एवं परिस्थितियों के बारे में जानकर उन्हे अपने अनुकूल नियंत्रित कर सकते है स्वर विज्ञान एवं मंत्र साधना द्वारा जीवन में बहुत कुछ बदल सकता है ।

समाचार संक्षेप

सवर्ण आर्मी जिला टीम ने एसपी और थाना प्रभारी का किया सम्मान

गुना। सवर्ण आर्मी जिला टीम ने पुलिस अधीक्षक एवं सिटी कोतवाली थाना प्रभारी का शाल श्रीफल एवं मिठाई के द्वारा फूलों की माला के द्वारा स्वागत किया।पुलिस प्रशासन के साथ सवर्ण आर्मी की पूरी टीम को भी बधाइयां दी गई। सवर्ण आर्मी जिला टीम लगातार मेहनत करती रही। इस केस में अपराधी का पता ढूंढ कर दिया। सवर्ण आर्मी जिला टीम के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी से फोन पर बात की। और अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए रात को 11 बजे निवेदन किया। सवर्ण आर्मी जिला गुना की टीम ने अपराधी को पकड़ने पर पुलिस परिवार गुना का सम्मान किया। सवर्ण आर्मी जिला टीम ने अपराधी के ऊपर इनाम घोषित किया था।कल राधा कॉलोनी में एक अपराधी ने एक बच्चे के कान की वाली नोच ली थी। जिसके कारण बच्चे को बहुत तकलीफ पहुंची। और पूरे समाज में क्रोध का माहौल था। सवर्ण आर्मी जिला टीम के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी एवं कोतवाली थाना प्रभारी चौहान से बात की। उनसे निवेदन किया अगर आप 24 घंटे के अंदर अपराधी को पकड़ते है। तो हम पुलिस परिवार का सम्मान करेंगे। और रुपये 1100 का नगद इनाम देंगे। साथ ही आज हमारी पूरी टीम ने पहुंचकर सभी का सम्मान किया। अपराधी जेल के अंदर है। सवर्ण आर्मी जिला टीम के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने बताया कि पीड़ित बच्चें के पिता उम्मेद रजक ने मुझे फोन पर बोला था। कि हमारी एफआईआर लिखी नहीं हो रही है। तब हमने सिटी कोतवाली टी आई और एसपी से बात की। और कहा कि जल्दी से जल्दी आप कार्रवाई करें। और अपराधी को गिरफ्तार करें । अगर आप 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करते हैं। उसे ढूंढते हैं। तो हम पुलिस परिवार को सम्मानित करेंगे। और हमारी जो टीम है। उसने भी नजूल कॉलोनी में अपराधी का पता खोज कर पुलिस को दे दिया। लगातार अब पीड़ित परिवार के संपर्क में बने रहे और उन्हें 24 घंटे के अंदर न्याय दिलाने में सफल रहे। इसलिए मैं सवर्ण आर्मी गुना के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की समस्त टीम एवं सवर्ण आर्मी जिला टीम मौजूद रही।

कायस्थ समाज परिवार सर्वे का कार्य तीव्र गति से

गुना। कायस्थ समाज गुना ने 15 अगस्त 2025 को संकल्प किया था बैठक कर निर्णय लिया की बर्ष 2023 में किए गए सर्वे का कार्य शेष रह गया है अब पुनः शेष सर्वे का कार्य गुना शहर के सभी 37 वार्ड में निवासरत कायस्थ परिवारो का सर्वे तीव्र गति से ऑनलाइन प्रारंभ कर दिया गया है। समाज के व्हाट्सएप ग्रुपों से समाज से आग्रह किया गया है।समाज के सभी कायस्थ परिवार जनों से विनम्र आग्रह है कि इस समाज परिवार सर्वे में सहयोग करें कायस्थ समाज गुना सभी 37 वार्डो का परिवार सर्वे पूर्ण कर परिवार के मुखिया के नाम एवं मोबाइल नंबर की एक दूरभाष डायरेक्टरी प्रिंट करवाने का संकल्प लिया है एवं निशुल्क प्रत्येक परिवार को वितरण की जाएगी।

महावीर भवन में समाज और कमेटी ने किया निंदनीय कृत्य का खुला विरोध

कतिपय लोगों के ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी के फोटो पर कालिख पोतने से सकल दिगंबर जैन समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जैन समाज गुना की प्रबंधकारिणी समिति ने हाल ही में घटी उस निंदनीय घटना की कड़े शब्दों में भत्सना की है जिसमें आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के संघ की प्रतिमाधारी ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी के फोटो पर कालिख पोतने और पुतला दहन जैसी हरकत कर उनकी साधना और मर्यादा का अपमान किया गया। समिति ने इसे पूरे गुना जैन समाज का कृत्य न मानते हुए साफ शब्दों में कहा है कि यह केवल समाज के कुछ कतिपय स्वार्थी और गुमराह व्यक्तियों की हरकत है, जिनकी संख्या महज 50 भी नहीं थी, जिनके कृत्य से पूरा समाज आहत हुआ है। समिति ने कहा कि गुना जैन समाज साधु-भक्त था, साधु-भक्त है और साधु-भक्त रहेगा, किसी भी हाल में ऐसी हरकतें जैन परंपरा की नींव को नहीं हिला सकतीं। इस कलंकित घटना ने गुना जैन समाज को ही नहीं समूचे शहर को राष्ट्रीय स्तर पर शर्मसार कर दिया।

इस प्रकरण को लेकर चौधरी मोहल्ला स्थित महावीर भवन में समाज की आपात बैठक एवं निंदा प्रस्ताव लाया गया। जिसमें अध्यक्ष संजय जैन कामिनी, मंत्री अनिल जैन, समाज के वरिष्ठ संरक्षक रमेशचंद जैन जामनेर सहित समूची प्रबंधकारिणी समिति एवं बड़ी संख्या में

समाजजन और श्रद्धालु उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस पूरे कुकृत्य को समाज की मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जा सकता। यह कुछ स्वार्थी और अंधभक्त लोगों का काम है, जिनका मकसद समाज को बांटना और साधु-संतों के प्रति विश्वास को तोडन्ना है। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रतिमाधारी ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी जैन धर्म में पाँचवें गुणास्थान की साधिका हैं, जिन्होंने आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से वर्षो से संयम और साधना के पथ पर चलकर समाज को प्रेरित किया है। उनके साथ इस प्रकार का अपमानजनक व्यवहार न केवल एक साधिका का अपमान है, बल्कि यह संपूर्ण जैन समाज और आचार्य परंपरा का भी अपमान है। बैठक में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथ उठाकर और तालियां बजाकर इस कुकृत्य के विरोध में अपनी सहमति दर्ज कराई। उपस्थित लोगों ने कहा कि आज तक जैन समाज में कभी किसी साधु, आर्यिका या प्रतिमाधारी ब्रह्मचारिणी का अपमान नहीं हुआ। पहली बार गुना में इस तरह की घटना घटी है जो न केवल राष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक है बल्कि धार्मिक मूल्यों को कलंकित करने वाली है। श्रद्धालुओं ने कहा कि ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी ने समाज को हमेशा सत्य, संयम और त्याग का संदेश दिया है। उनका अपमान करने वाले वास्तव में समाज को तोडन्ने का काम कर रहे हैं। समिति अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी ने वर्ष 2022 में देशभर में हुए पत्रकांड प्रकरण की सच्चाई उजागर करने का साहस दिखाया था। इस पत्रकांड के माध्यम से राष्ट्रसंत आचार्य विद्यासागर महाराज को बदनाम करने की साजिश रची गई थी, जिसका भंडाफोड़ सागर कोतवाली पुलिस की मदद से रेखा दीदी ने किया। उसी समय से कुछ लोग उनके खिलाफ शत्रुता रखे हुए हैं और अब बदले की भावना से ऐसे कृत्य कर समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। समिति ने कहा कि इस पूरी साजिश के पीछे वही लोग हैं जिनका मकसद समाज में मतभेद फैलाना है। लेकिन सच्चाई और संयम के मार्ग पर चलने वाले जैन समाज को वे कभी नहीं तोड़ पाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण करेंगे घर में मिट्टी के भगवान गणेश विराजेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उपाध्यक्ष मोहन नागर व कार्यपालक निदेशक महोदय के आह्वान पर ईको फ्रेंडली मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने हेतु प्रशिक्षण करवाने व इसे सामाजिक अभियान बनाने कि दृष्टि से यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि व्यक्ति का व्यवहार परिवर्तन हो ओर पीओपी के जगह घर घर मिट्टी के गणेश बिराजे इसी तारतम्य में 22 अगस्त 2025 को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद राघोगढ़ ब्लॉक के डिग्री कॉलेज में माटी गणेश, सिध्द गणेश अभियान अन्तर्गत छात्र छात्राओं को मूर्तिकार प्रशिक्षक

कुमारी पूजा प्रजापति एवं दीपक प्रजापति ने मिट्टी से भगवान गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया । इस अवसर पर जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन जी ने कहा कि मिट्टी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के माध्यम से छात्र और छात्राओं को भगवान गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, यह समाज के लिए अनुकरणीय पहल है। यह अभियान पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम साबित होगा। इसलिए सभी छात्र और छात्राओं और प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष और सचिवो को अपने अपने घर में मिट्टी गणेश , सिद्ध गणेश भगवान को बना कर पूजा करना चाहिए । तभी प्रदेश सरकार के मिट्टी गणेश सिद्ध गणेश अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी।

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा बीनागंज में एनएसएस सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा-बीनागंज में 25 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.पी. मीना ने की। इस अवसर पर प्रोफेसर मुकेश गोयल, स्वास्थ्य विभाग से हेमंत गौड़, मनोज सिंह सिकरवार, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. संतोष साहू एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।बैठक में आगामी सत्र 2025-26 के लिए ग्राम सागर को गोद ग्राम के रूप में चयनित किया गया। साथ

ही रेड रिबन क्लब का गठन कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने एवं राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस को भव्य स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। वार्षिक कैलेंडर के अनुरूप सभी गतिविधियों का आयोजन कर प्रतिवेदन विश्वविद्यालय को भेजने पर भी सहमति बनी।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि श्री हेमंत गौड़ ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए 10 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखने की बात कही। बैठक के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना सह-प्रभारी डॉ. मंजू शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

27 अगस्त से 6 सितंबर तक गणेशोत्सव पर होंगे 11 दिवसीय भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

अंचल में 11 दिवसीय श्री गणेशोत्सव भव्यता एवं उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। विराट हिन्दू उत्सव समिति के तहत श्रीगणेश चतुर्थी से लेकर डोल ग्यारस, अनंत चौदस तक श्रीगणेश जी की स्थापना के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विराट हिउस प्रमुख कैलाश मंथन ने मुताबिक परम्परागत श्री गणेशोत्सव इस वर्ष विशेष भव्यता के साथ मनाया जायेगा। त्यौहार के दौरान दस दिनों तक मंदिरों एवं कार्यक्रम स्थलों पर भारी भीड़ उमडने की संभावना को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस से लगातार विद्युत सप्लाई एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। देखा जा रहा है कि विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा जाने से त्यौहार के अवसर पर अवरोध उत्पन्न होता है। श्री मंथन ने श्रद्धालुओं से घर-घर मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करने की अपील की है। ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके। इस दौरान 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी, 28 अगस्त को ऋषि पंचमी, 31अगस्त को राधाष्टमी, 3सितम्बर को डोल ग्यारस, 4 सितंबर को वामन द्वादशी, 9 सितंबर को अनंत चौदह पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।



डोल ग्यारस पर होगा विमानों का भव्य स्वागत

विराट हिउस प्रमुख कैलाश मंथन ने बताया कि डोल ग्यारस पर 3 सितंबर को परम्परानुसार एक सैकड़ा से अधिक मंदिरों के फूलडोल विमानों का भव्य स्वागत शहर के प्रमुख मार्गों पर किया जायेगा। सभी मंदिरों के विमान एवं अखाड़े स्थानीय गल्ला मंडी में एकत्रित होने के पश्चात दोपहर 4 बजे के पश्चात हाट रोड, सदर बाजार होते हुए विसर्जन के लिये भुजरिया तालाब एवं अन्य पानी के स्त्रोतों पर पहुंचेंगे। इस दौरान अंचल के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से भारी जनसमुदाय जिला मुख्यालय पहुंचता है। इस दौरान पीने का पानी, साफ-सफाई एवं रोशनी के व्यापक इंतजाम नगरपालिका एवं प्रशासन से करने का अनुरोध हिउस ने किया है। हिउस प्रमुख कैलाश मंथन के मुताबिक डोल ग्यारस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा सक्रिय समाजसेवियों, मीडियाकर्मियों एवं धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय संस्थाओं का सम्मान स्वागत भी किया जायेगा। समिति ने श्रीगणेश की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करने का आग्रह किया है।

किसान ट्रैक्टरों के साथ शामिल हुए

बलराम जयंती पर चल समारोह निकाला

अशोकनगर। भारतीय किसान संघ द्वारा बलराम जयंती पर ईसागड में चल समारोह निकाला गया। इस दौरान किसान ट्रेक्टर लेकर चल समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर भगवान बलराम की पूजा अर्चना की गई। उनके चित्र को एक रथ में सजाकर शोभा यात्रा में निकाला गया। यह शोभा यात्रा शहर के कई मार्गो से निकली और इसका समापन बलराम मंदिर पर किया गया। इस दौरान भगवान बलराम जीवन दर्शन पर अनेक वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस मौके पर कृषि उपज मण्डी ईसागढ परिसर में किसान संघ द्वारा एक सभा का आयोजन भी किया गया। इस सभा को किसान संघ के प्रदेश मंत्री जगराम सिह यादव, प्रकाश सिंह रघुवंशी आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर किसान संघ ने अशोकनगर जिले में हुई अत्याधिक वर्षा को लेकर चिंता

जताई और किसानों की समस्याओं को लेकर कहा कि पानी से मक्का और सोयाबीन की फसले प्रभावित हुई हैं। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। इस मौके पर किसान संघ ने तहसीलदार को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें फसलों का सर्वे कराने की मांग की गई ताकि किसानो को समय से पहले बीमा राशि मिल सके।

त्योहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति बैठक हुई

अशोकनगर। नईसराय में आगामी त्योहारों को देखते हुए सोमवार को शाम चार बजे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित ने की। वही मुख्य अतिथि तहसीलदार मयंक तिवारी थाना प्रभारी के द्वारा कस्बे में लगने वाली गणेश झांकियों की जानकारी ली गई । इस मौके पर सभी से शांति एवं सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाए जाने की बात कही गई। तहसीलदार मयंक तिवारी के द्वारा लगने वाली गणेश झांकियों पर एक सदस्य के रुकने एवं सावधानी बरतने की बात कही गई। वही 27 अगस्त को गणेश जी की स्थापना होगी 3 सितंबर को डोल ग्यारस पर डोल निकाले जायेगे उसके एक दिन बाद मुस्लिम समाज का ईद मिलादुन्नबी त्यौहार का जुलूस निकाला जाएगा। इस प्रकार सभी लोगों से प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा त्योहारों को शांति पूर्वक एवं सौहार्द से मनाने की बात कही गई। शांति समिति की बैठक में गणमान्य नागरिक एवं गणेश झांकी लगाने वाले आयोजन समिति सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

हर तालिका तीज पति की लंबी आयु की कामना को लेकर मनाई जाएगी

अशोकनगर। हर तालिका तीज पर महिलाएं व्रत रखेगीं और बर की पूजा करते हुए पति लम्बी आयु की कामना करेगीं। इस वर्ष यह हर तालिका व्रत शुभ संयोगों में मनाया जाएगा। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि व्रत को सुहागन महिलाएं अपनी पति को प्रसन्न करने के लिए एवं घर में सुख शांति के लिए पति एवं घर परिवार की दीर्घायु के लिए कन्या एवं सुहागन महिलाएं दोनों ही करती हैं। उन्होंने बताया कि इस बार वैसे तो कई शुभ योग बने हुए हैं परंतु सात महा योगों के साथ यह व्रत पड़. रहा है। कथा के अनुसार इसमें हस्त नक्षत्र होना बहुत शुभ माना जाता है वह नक्षत्र मंगलवार को प्रातः 4 बजे से ही लग गया है एवं बुधवार सुबह 5 बजे तक रहेगा इससे शोभन योग बन रहा है दूसरा सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है तीसरा ब्रह्म योग भी बन रहा है चैथा गज केसरी योग बन रहा है पांचवा शुक्ल योग बन रहा है छटवा साध्य योग बन रहा है और सातवां रवि योग है। सभी कार्यों में शुभ माना जाता है इस तरह क योगों में यह व्रत पढ़ रहा है इसमें माता पार्वती के साथ-साथ भगवान शिव की पूजन का विधान है। इस व्रत में निराहार रहकर महिलाएं इस व्रत को करती हैं तथा साथ में जल भी नहीं पीती है यह कठिन व्रत रात्रि भर जागरण करके भी किया जाता है। सुबह भगवान शिव की जो प्रतिमा बनाई जाती हैं उनका विसर्जन नदी या तलाब में किया जाता है। भगवान शिव का अभिषेक पूजन आरती रात्रि में चार बार की जाती है इसीलिए पंचमुखी हनुमान मंदिर पर यह विशेष पूजन इस वर्ष भी की जा रही है।

पहले भक्त बनें, भक्त बनकर ही भगवान बन पाओगे

पदयात्री से करपात्री बनने की यात्रा हो तो पदयात्रा की सार्थकता: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांगली महाराष्ट्र से पदयात्रा करते हुए आयें है दो चीजों के प्रति विचार करें जो मोक्ष चले गए उन मोक्ष जाने वालो के प्रति श्रद्धा है। पदयात्री से करपात्री बनने की ओर यात्रा हो तो पद यात्रा की सार्थकता है अगला कदम करपात्री का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भगवान बन गये उनके लिए तुम क्या कर सकते हो क्या किया। भगवान बनने गये उसे पहले भगवान को नमस्कार करना होगा। पहले भक्त बनें भक्त बनकर ही भगवान बन पाओगे। भगवान को देखकर ऐसा लगता है कि अहो भाग्य मेरो उदय आयो भगवान के लिए में कुछ भी कर सकता हूं। अपने प्राण भी दे सकता हूं कोई भी संकट उठा सकता हूं ऐसा परिणाम तुम्हारे अंदर आया बस तुम्हारा आइडेंटी कार्ड बन गया।

दूसरे बच्चों के प्रति प्रेम वात्सल्य ही तुम्हारे लिए टापर बनायेगा

उन्होंने कहा कि जैसे मैं हमेशा कहा करता हूं मेरी कक्षा के सारे बच्चे पास हों गये मैं तो फैल हो गया लेकिन सभी साथियों की खुशी में मिठाइयां बांट रहा हूं ये सिद्धांत है। आपसे जो आगे निकल गए उनके प्रति जो प्रेम वात्सल्य स्नेह है वहीं तुझे क्लास में टोप पर ले जायेंगा। ऐसे ही जो भगवान बन गये यह जो मुनि राज है ये तो भगवान से भी बड़े हैं जो हमें साक्षात मार्ग दिखा रहे हैं यहां तक कहा गया। गुरु

गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दोऊ बताये। एक तो छायालीस दोषों से रहित और एक निजी भगवान बना लिया जिस पद को इतना रिस्पेक्ट दे दिया कि मुनि राज को ही भगवान रुप मान लिया तो तुम्हारे लिए ऐसा कर्म वधेगा जो तुम्हें भगवान बना देगा। एक तुमने ऐसा कर्म कर लिया कि मुनि राज को निकृष्ट शब्द बोल दिया तो ये कर्म तुम्हारे लिए कभी नहीं छोड़ेगा। राजा श्रेणिक ने महाराज के गले में साप ही तो डाला था फिर क्या हुआ साक्षात प्रभु महावीर भी श्रेणिक राजा को नहीं बचा पाए।

किसी निमित्त से तीर्थ की वंदना की गुरु दर्शन यात्रा की

उन्होंने कहा कि आप ने किसी निमित्त से तीर्थ की वंदना की गुरु दर्शन यात्रा की पहले महाराज को विहार कराने माली जाता था मैंने देखा है जव समाज अभिषेक और स्वयं सेवा करने की प्रेरणा दी तव हमने परिणाम देखें है मैंने कहा कि बंदे तद्गुण

लब्यते आचार्य महाराज के साथ देखा था सैकड़ों लोग साथ में विहार करते थे आज मुनि महाराज के साथ कमंडल लेकर साथ चलो कल तुम पिच्छिका लेकर विहार करोगे

अखिल भारतीय श्रावक संस्कार शिविर की हो रही है व्यापक तैयारियां

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि दशलक्षण महापर्व पर परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधा सागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में 10 दिनों तक चलने वाले अखिल भारतीय श्रावक संस्कार शिविर में देश के कोने कोने से फॉर्म के माध्यम से चयनित होकर आ रहे प्रतिनिधि के आवास भोजन दैनिक कार्यक्रमो की रूपरेखा को शिविर पुर्णाजक शालू भारत संजीव श्रागर परिवार के साथ समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित अन्य प्रमुख जनो दारा अंतिम रूप दिया जा रहा है शिविर महा निर्देशक प्रदीप भैया शिविर निर्देशक हुकम काका कोटा दिनेश गंगवाल जयपुर सहित अन्य सभी विभाग प्रमुखो से मंत्रणा कर कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पदयात्राएं तो बहुत हुई गुरु तीर्थ वंदना कठिन है-प्रदीप भैया

कर्नाटक महाराष्ट्र बोर्डर से 1256 किलोमीटर की पदयात्रा कर परमोदय तीर्थ कवठे पिरान सांगली से अशोक नगर में विराजमान तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महरराज गुरु तीर्थ वंदना कर श्री फल भेंट करने पहुंचे जो विशाल जन समूह ने खड़े होकर पद यात्रियों का तालियों की गड़गड़ाहट से अभिनंदन किया इस दौरान प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया ने कहा कि एक छोटे से गांव कवठे पिरान के कृषक परिवार ने पाषाण के मन्दिर का निर्माण करने का संकल्प लिया और उस संकल्प की पूर्ति के लिए आज छत्तीस दिन पूर्व पैदल गुरु तीर्थ वंदना के लिए निकल पड़े साढ़े बारह सौ किलोमीटर से भी अधिक की असंभव सी लग रही इस पैदल यात्रा को पैंतीस दिनों पूरा कर आज गुरु कृपा पाने उपस्थित हुए हम कहेंगे ऐतिहासिक विश्व शांति पद पात्रा के समापन पर आप कुछ दिन यहां रूके इस दौरान जय कुमार कवठे ने कहा कि गुरु तीर्थ वंदना पद यात्रा तो अभी एक मुकाम है असली उद्देश्य तो गुरु महाराज को दक्षिण भारत कर्नाटक महाराष्ट्र ले जाने की भावना है जिससे पाषाण शिला काल से निर्मित हो रहे की प्रतिष्ठा हो सके।

In The Court Of Civil Judge Junior Division, Sironj, District, Court , Vidisha

Presiding Officer: सुश्री अंकिता जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000070/2024)

हलीम खां.......................... वादी
vs
सलमा बी..................प्रतिवादी

Process Id-672/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक: 24/09/2025

(1) अल्फिया बी पिता रियासत खां उर्फ राशिद अवयस्क द्वारा संरक्षक माता असरा बी
(2) आलिया बी पिता रियासत खां उर्फ राशिद अवयस्क द्वारा संरक्षक माता असरा बी
(3) जिया बी पिता रियासत खां उर्फ राशिद अवयस्क द्वारा संरक्षक माता असरा बी
(4) असरा बी पति रियासत खां उर्फ राशिद
सर्वनिवासीगण - ग्राम कस्बाताल तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र.

यह कि प्रार्थी हलीम खां पिता सलीम खान निवासी ग्राम कस्बाताल तहसील सिरोंज जिला विदिशा ने आपके विरूद्ध स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 20 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश (अंकिता जैन)
व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड
सिरोंज जिला विदिशा म.प्र

खबर संक्षेप

गैस सिलेंडर फटने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम बडेरा में गैस सिलेण्डर फटने से घर में आग लग जाने से छोटू पुत्र भगवान दास लोधी उम्र 28 साल की आग लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

पिकअप वाहन ने बाइक में टक्कर मारी, युवक घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत डॉक्टर कॉलोनी निवासी पंचम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 67 जी 1969 के चालक ने ग्राम सहोदरी पंप के पास अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर सड़क पर मोड़ दिया जिससे पीछे से आ रही बाईक टकरा गई जिससे उसे चोटे आई हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत यादव कॉलोनी निवासी भोला आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक और अमरसिंह आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामगढ़ निवासी शिशुपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मण शिवहरे, अनू लोधी, चन्दू धाकड़ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में अनू लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लक्ष्मण,शिशुपाल, मस्तराम, और गजराम कुशवाह ने कलारी की दुकान के अंदर घुसकर मारपीट की। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बख्तर निवासी जगन्नाथ गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप और भूरा गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरा जिला चंदोली उत्तरप्रदेश निवासी आलोक मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मां तुझे प्रणाम योजना-2025 हेतु आवेदन आमंत्रित

अशोकनगर। संचालनालय खेल और युवा कल्याण म0प्र0 द्वारा युवाओं को भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैन्य गतिविधि, दिनचर्या से अवगत कराने एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण, नेतृत्व, विकास पर मार्गदर्शन देने अथवा प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक, स्थानों से परिचय कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखंड से 05 युवक एवं 05 युवतियों का चयन अनुभव यात्रा हेतु किया जाना है। इस हेतु 01 एनसीसी, 01 एनएसएस, 01 खिलाडी, 01 मेधावी छात्र, 01 स्काउट क्षेत्र से इस प्रकार कुल 05 युवक एवं 05 युवतियॉ प्रत्येक विकासखंड से चयनित की जायेगी। संचालनालय द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि 06 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। इस अनुभव यात्रा में 15 से 25 वर्ष आयु के (31.12.2026 की स्थिति में) तक के युवक एवं युवतियों का चयन किया जाना हैं पूर्व में चयनित युवा आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे। जिला स्तर पर युवाओं का चयन आवेदन प्राप्त कर लॉटरी के माध्यम से जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा। आवेदन करने हेतु आवेदक अपने आवेदन चन्देरी रोड स्थित नवीन इंडोर खेल स्टेडियम कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग अशोकनगर से कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि 06 सितम्बर तक जमा करा सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ आवेदक को एनसीसी/एनएसएस/खिलाडी/मेधावी/स्काउट संबंधी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, चिकित्सा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक खाते की छायाप्रति, एवं संबंधित थाने से चरित्र प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करना होगा। विकासखंड मुंगावली में आवेदन संबंधित जानकारी हेतु रेणु ओझा विकासखंड समन्वयक मुंगावली एवं राजेश कुशवाह विकासखंड समन्वयक चन्देरी को सम्पर्क किया जा सकता है।

शहर में कईं स्थानों पर सजेंगी झांकियां, होंगे धार्मिक आयोजन

गणेश उत्सव पर्व को लेकर शहर में उत्साह, प्रतिमाओं को दे रहे अतिंम रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ अशोकनगर

शहर में इस वर्ष भी गणेश उत्सव का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर शहर में तैयारियां चल रही हैं। एक ओर मूर्ति कलाकार प्रतिमाओं को अतिंम रूप देने में लगे हैं तो वहीं दूसरी ओर शहर का गांधी गणेश मूर्ति बाजार में तब्दील हो गया है। यहां छोटी-बड़ी सभी आकार की प्रतिमाएं बिक रहीं हैं। मिटटी के गणेश के साथ-साथ प्लास्टर और पेरिस से बनी प्रतिमाएं भी बिना रोक टोक के बिक रहीं हैं। गणेश प्रतिमाओं का शहर में अनेक स्थानों पर निर्माण हो रहा है। छोटी-बडी सभी आकार की प्रतिमाएं तैयार की गई हैं।

जो बड़े झांकी आयोजक हैं उनके द्वारा अलग से प्रतिमाओं को तैयार कराया जाता है। शहर में लगभग 100 झांकियां लगती है जो मूर्तियां यहां बनाई जाती हैं उन्हें ग्रामीण अंचलों के लोग भी अशोकनगर में लेने के लिए पहुंचते हैं। पिछले एक महीने से इन मूर्तियों का निर्माण शहर में हो रहा है। गणेश प्रतिमाओं के साथ-साथ अभी से ही नवरात्रि पर्व की तैयारियां भी चल रही हैं। देवी मां की प्रतिमाओं को भी तैयार किया जा रहा है। शहर के कई परिवारों में मिटटी के गणेश भी बनाए जा रहे हैं। जब से मिटटी के गणेश बनाए जाने को लेकर जागरूक किया गया है तब से लोगों ने अपने घरों में मिटटी के गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की शुरूआत कर दी है।

महाराष्ट्र समाज भक्ति भाव से मनाएगा गणपति जी का पर्व

महाराष्ट्र समाज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव का पर्व भक्ति भाव से मनाएगा। यह समस्त आयोजन माधव भवन में आयोजित होगें। समाज के अध्यक्ष प्रवेण तायड़े और सचिव योगेन्द्र जाधव ने बताया कि वुधवार को शाम 6:30 बजे गणपति जी की स्थापना कर पूजा की जाएगी। शाम 7:30 बजे रंगोली का आयोजन होगा। 28 अगस्त को पूजा थाली डेकोरेशन के साथ मिटटी के गणेश का आयोजन रात्रि 8:00 बजे किया जाएगा, 29 अगस्त को चित्रकला और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा, 30 अगस्त को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, 31 अगस्त को वर्ग पहले और सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन होगा,01 सितम्बर को चेयर रेस प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग की होगी,02 सितम्बर को संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा,03 सितम्बर को व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी,04 सितम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन होगा और 05 सितम्बर को वरिष्ठ नागरिक सम्मान और पुरूस्कार वितरण का आयोजन होगा, 06 सितम्बर को महाप्रसाद एवं विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

मूर्ति कलाकार प्रतिमाओं को अतिंम रूप देने में जुटे,गांधी पार्क पर बाजार सजा

मूर्ति कलाकार सीताराम द्वारा इस बार भी गणपति जी की 30 प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है वह 12 वर्षों से मूर्ति बनाने का काम कर रहे हैं। गणपति जी की प्रतिमाओं के साथ में वह देवी मां की प्रतिमाएं बनाने के कार्य में लगे हुए हैं। शहर के गांधी चैक पर लगभग छोटी-बड़ी 50 दुकानें लगी हैं यहां गणेश प्रतिमाएं बिक रही हैं। इनमें मिटटी के गणेश भी हैं और पीओपी की प्रतिमाएं भी हैं। जितनी भी प्रतिमाएं यहां पर बेचने के लिए बाहर से लाई गईं हैं उनमें अधिकांश पीओपी की प्रतिमाएं हैं। यह पीओपी से बनी प्रतिमाएं इसलिए प्रतिबंधित की जाती हैं कि इन प्रतिमाओं को जब विसर्जित किया जाता है तो वह पानी में गलती नहीं हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। लेकिन धार्मिक कार्यों के वजह से इन प्रतिमाओं पर बैन नहीं लगाया जाता है। शहर में गणेश उत्सव का पर्व आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है।

बाल गणेश समिति द्वारा उत्सव भक्ति भाव से मनाया जाएगा

शहर के सुभाष गंज स्थित रामलीला मंच पर बाल गणेश समिति द्वारा इस वर्ष भी गणेश उत्सव का पर्व मनाया जाएगा। गणपति जी की स्थापना से लेकर विसर्जन तक प्रतिदिन कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होगें। इन आयोजनों में श्रद्धालु भाग लेगें। इन आयोजनों में भजन संध्या, छप्पन भोग का दरवार, एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदान की जाएंगी। प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती का आयोजन होगा, यह कार्यक्रम प्रतिदिन चलेगा। इस उत्सव को लेकर आयोजकों ने व्यापक तैयारियां की हैं बच्चों से लेकर महिलाओं और युवाओं मे भी इस पर्व को लेकर उत्साह दिख रहा है।

रांवसर में 67वें रविवार को गीता स्वाध्याय संपन्न हुआ

शरीर से श्रेष्ठ इंद्रियां, इंद्रियों से श्रेष्ठ मन, मन से श्रेष्ठ बुद्धि और बुद्धि से श्रेष्ठ आत्मा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ अशोकनगर

रविवार गीता स्वाध्याय की परंपरा ग्राम में श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा विगत वर्ष मई 2024 में शुरुआत हुई थी जिसे निरंतर ग्राम रांवसर वासी आगे बढ़ा रहे हैं। विगत रविवार को गीता के तृतीय अध्याय कर्मयोग के श्लोक संख्या 34 से 43 तक स्वाध्याय किया गया।

कर्मयोग के श्लोकों की व्याख्या करते हुए मंडल रांवसर के संयोजक बलवीर सिंह यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता के तृतीय अध्याय कर्मयोग में उपदेश करते हुए कहा है कि इंद्रियों के विषय जैसे रूप, रस, गंध, श्रवण तथा स्पर्श में ही राग और द्वेष छिपे हुए रहते हैं। मनुष्य को इन दोनों के वश में नहीं होना चाहिए, क्योंकि राग और द्वेष ही उसके कल्याण मार्ग में विघ्न करने वाले महान शत्रु हैं यानी मनुष्य का कोई दूसरा व्यक्ति शत्रु नहीं है बल्कि उसके गलत विचार और बुरा चिंतन ही उसके बड़े शत्रु हैं। तब अर्जुन ने प्रश्न किया कि हे कृष्ण! सब कुछ जानने के बाद भी मनुष्य स्वयं न चाहते हुए भी किससे प्रेरित होकर पाप का आचरण करता है? तब भगवान ने कहा कि रजोगुण से उत्पन्न हुआ काम ही क्रोध है, यह बहुत खानेवाला यानी भोगों से कभी न अघानेवाला और बड़ा पापी है, इसको ही इस विषय में वैरी जान। तथा इंद्रियां, मन और बुद्धि ये सब काम के वास स्थान हैं। यह काम ही मन, बुद्धि और इंद्रियों के द्वारा ही ज्ञान को ढक करके जीवात्मा को मोहित करता है। इसलिए हे अर्जुन! तू पहले इंद्रियों को वश में करके काम को नष्ट कर। शरीर से पर यानी श्रेष्ठ और बलवान इंद्रियां हैं और इंद्रियों से श्रेष्ठ मन है, मन से श्रेष्ठ बुद्धि है और बुद्धि से भी अत्यंत श्रेष्ठ है वह आत्मा है सो आत्मा को जानकर और बुद्धि के द्वारा मन को नियंत्रित कर तू इस कामरूप दुर्जय शत्रु को मार डाल। गीता स्वाध्याय के आयोजक मन्ना सिंह यादव एवं उनकी बहिनजी ने सभी भक्तों का स्वागत सत्कार किया, समापन पर आरती कर प्रसादी वितरित की गई।

अशोकनगर महाविद्यालय में मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ अशोकनगर

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में जन अभियान परिषद और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में माटी गणेश सिद्ध गणेश पर प्रशिक्षक सोनम यादव ने गणपति प्रतिमा का निर्माण करना सिखाया।

इसमें महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसी के साथ स्टाफ के कई सदस्यों ने भी गणेश प्रतिमा का निर्माण किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रेनू राजेश उपस्थित हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जेपी अहिरवार और जन अभियान परिषद समन्वयक मनोज यादव उपस्थित रहे। माटी गणेश सिद्ध गणेश इस कार्यक्रम में माटी गणेश सिद्ध गणेश पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें गणेश जी के महत्व और उनके प्रतीकात्मक अर्थों पर प्रकाश डाला गया। जन अभियान परिषद की भूमिका पर चर्चा करते हुए, मनोज यादव ने बताया कि परिषद समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कैसे काम कर रही है। उन्होंने परिषद की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. रेनू राजेश ने अपने संबोधन में गणेश जी के महत्व और उनके जीवन में सकारात्मक प्रभाव के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि गणेश जी हमें बुद्धि, ज्ञान और सफलता की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। प्राचार्य मैडम ने छात्रों से आवाहन किया प्लास्टिक और पेरिस गणेश जी की जगह मिट्टी गणेश बनाए जिससे पर्यावरण को बचाया जा सकता है तथा घर में गणेश जी का विसर्जन करें तथा विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान प्रारंभ किया गया है इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गणेश जी के महत्व और उनके प्रतीकात्मक अर्थों को समझना और जन अभियान परिषद की भूमिका को समाज में उजागर करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में आयोजित इस कार्यक्रम ने गणेश जी के महत्व और जन अभियान परिषद की भूमिका को समाज में उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस प्रशिक्षण से लाभ उठाया और अपने ज्ञान में वृद्धि की। इस अवसर पर कार्यक्रम में मोनिका नामदेव रश्मि कुर्मी और गायत्री नामदेव, रानी राजकुमार शर्मा के साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्य बनाया। 25 अगस्त फोन न.06 अशोकनगर महाविद्यालय में मिटटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

भौगोलिक स्थिति के आधार पर तहसील व ग्रामों का परिसीमन किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ अशोकनगर

प्रशासनिक पुर्नगठन का उद्देश्य जनोन्मुखी सुलभ प्रशासन हो। जिले की नई तहसील या ग्राम पंचायत बनाते समय उसकी सीमा में जिले में शामिल करने से पहले उस स्थान की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, अधोसंरचना ढाचा, मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस आशय के निर्देश आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा ने अशोकनगर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक में दिए। बैठक में मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सचिव अक्षयकुमार सिंह तथा सदस्य मुकेश शुक्ला,कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान सहित समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद, सीएमओ नगरीय निकाय एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के अध्यक्ष एस.एन.मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन के पहले जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से चर्चा कर उनकी राय लेकर आपस में समन्वय स्थापित करके राजस्व सीमाओं के पुनर्गठन का प्रस्ताव कलेक्टर को प्रेषित करें। कलेक्टर प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करके अपने सुझाव एवं निर्णय से आयोग को अवगत करायेगें। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन के पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं सभी अधिकारियों से अलग-अलग चर्चा की जाए। चर्चा के दौरान बिजली, पानी,सड़क,शिक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जनपद एवं तहसील की सीमाओं के परिसीमन को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जाएगा। इसके आधार पर ज्यादा से ज्यादा जनता को सुविधा दिलाई जा सके। उन्होंने बताया कि नवीन प्रशासनिक इकाई के लिए मार्गदर्शन सिद्धांत बनाये गये है। नये परिसीमन में यह आवश्यक रूप से देखा जायेगा कि जनसंख्या का संतुलन हो। परिसीमन में जनसंख्या, औद्योगिक क्षेत्र एवं भौगोलिक दूरी अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जायेगा। इसके साथ ही प्रस्तावित इकाईयों को सुविधा की दृष्टि से पुनर्गठन के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रश्नावली को पब्लिक डोमेन में लाकर उसके जबाव तैयार कर सुझाव लिये जायेगें। जिसकी समीक्षा राजस्व स्तर पर की जायेगी। यदि भौगोलिक गठन चाहते है तो बताना पडेगा कि तहसील एवं गांव किस जिले के करीब है। नये प्रशासनिक इकाई गठन में यह सभी बातें शामिल की जायेगी। उन्होंने आयोग के कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान संभाग, जिला, तहसील, जनपद, विकासखण्ड, प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन के संबंध में अनुशंसायें करना है। साथ ही प्रशासनिक इकाईयों की पद संरचना, युक्तियुक्तकरण, नवीन प्रशासनिक इकाईयों के गठन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतो सहित जिलों का भ्रमण कर सुझाव प्राप्त करना एवं इकाईयों की दक्षता बढाने हेतु अनुशंसा करना है। बैठक में सचिव अक्षयकुमार सिंह ने लोक कल्याणकारी राज्य की कल्पना को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के कार्य करने की पद्धति का निर्धारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आयोग के सदस्य मुकेश शुक्ला द्वारा पोर्टल की प्रश्नावली को भरे जाने,प्रशासकीय प्रश्नावली पदों की स्थिति एवं आवश्यकता, भौगोलिक कारक,प्राकृतिक सीमाएं, आवागमन क्षेत्रफल, अंधोसंरचनात्मक बुनियादी सुविधाएं, प्रशासनिक अमला एवं दक्षता, आर्थिक गतिविधियां, संसाधनों की उपलब्धता, जनसंख्या का आकार और घनत्व, सामाजिक संरचना,सांस्कृतिक और सामाजिक कारक, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर आयोग की मंशानुरूप प्रस्ताव भिजवाये जाने की कार्यवाही यथाशीघ्र की जायेगी।

बिजली के निजीकरण के खिलाफ दिया गया धरना, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने, बिजली की कीमतों व बिलों में की जा रही वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ अशोकनगर

स्मार्ट मीटर के खिलाफ अशोकनगर में उपभोक्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। आज मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के बैनर तले राज्य व्यापी विरोध दिवस के अवसर पर स्थानीय अंबेडकर पार्क पर धरना दिया गया और मुख्यमंत्री के नाम सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए उपभोक्ता एसोसिएशन के राज्य समिति सदस्य सचिन जैन कहा कि बढ़ते बिजली बिलों ने लोगों की कमर तोड़ दी है प्रीपेड स्मार्ट लगने और बिजली के निजीकरण से आमजनता का जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा। हम जानते हैं कि वर्तमान में बिजली आधुनिक सभ्यता की जीवन रेखा है। बिजली के बिना पानी निकालना, खाना, पढ़ना सहित अन्य कोई भी काम करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए आज बिजली जीवन जीने की जरूरत बन गई है। यह बेहद चिंताजनक है कि सुधारों के नाम पर नियम व कानून में बदलाव करते हुए केंद्र व राज्य सरकार ने बिजली को एक आवश्यक सार्वजनिक उपयोगिता से मुनाफा कमाने की वस्तु में तब्दील करती जा रही हैं। जो केवल और केवल देश के पूँजीपतियों के लाभ के लिए आम उपभोक्ताओं के हितों को खतरे में डाल रहे। स्मार्ट मीटर का विरोध देशभर में हो रहा है क्योंकि यह मीटर लगाने के बाद बिल कई गुना बढ़ गए हैं। जिन उपभोक्ताओं का बिल 100 रु से 500 रु तक आता था स्मार्ट मीटर लगने के बाद हजारों में आ रहा है, जो कि आम उपभोक्ता की क्षमता से बाहर है। किसी कारणवश अगर उपभोक्ता द्वारा बिल जमा नहीं किया जाता है तो अगले दिन उसका बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है और कनेक्शन जोड़ने के नाम पर 350 से अधिक रु उपभोक्ता से वसूल किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि इसमें कुछ समय बाद रिचार्ज सिस्टम लागू कर दिया जाएगा पहले पैसा दो उसके बाद बिजली जला पायेंगे। टाइम ऑफ डे (टीओडी) स्कीम के तहत दिन के अलग अलग समय की टैरिफ दर अलग अलग होगी। इसके लगने के बाद मजदूर और किसानों के घरों में ही हजारों और लाखों के बिल थमाए जा रहे हैं। कुछ जगह पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने के मामले सामने आ रहे हैं। जबकि उपभोक्ता के बिना सहमति के यह मीटर नहीं लगा सकते हैं। स्मार्ट मीटर के कारण बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म हो जाएंगी, जिनमें मीटर रीडर, बिलिंग स्टाफ और अन्य बिजली कर्मचारी शामिल होंगे। बिजली का निजीकरण उपभोक्ता, कर्मचारी सभी के लिए घातक है। इसके खिलाफ सभी को एकजुट होकर आंदोलन को जारी रखने की जरूरत है। आगामी 6 अक्टूबर को राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन भोपाल में आयोजित किया जाएगा।इसलिए सभी लोग अपने व्यक्तिगत स्वार्थ और राजनैतिक स्वार्थ को छोड़कर बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन से जुड़े। कार्यक्रम का संचालन सावन बैरागी ने किया। ज्ञापन का वाचन गजेंद्र नामदेव ने किया।

ज्ञापन के बिन्दु

- बिजली की कीमतों व बिलों में की जा रही वृद्धि पर रोक लगाई जाए।
- प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए व पुराने मीटर को यथावत रखा जाए।
- बिल बनाने की टाइम ऑफ डे टैरिफ (टीओडी) प्रणाली पर रोक लगाई जाए।
- विद्युत संशोधन विधेयक-2022 निरस्त करें।
- बिजली क्षेत्र का निजीकरण पर रोक लगाई जाए।
- किसान सहित तमाम उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में सब्सिडी व क्रॉस सब्सिडी को बरकरार रखा जाए।
- 25 अगस्त फोटो न.10 स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में धरना दिया गया।

सिविल सर्जन ने हेल्थ कमीशनर को जनवरी में ही भेज दिए थे डॉ अंजली के संदेहयुक्त दस्तावेज

क्लास 1 डॉ गायनिक, पर नहीं आता प्रसूताओं का ऑपरेशन, फर्जी अंकसूची से पाया प्रमोशन!

डिप्लोमा अंकसूची में एक्जाम सेंटर कलकत्ता में और शहर का नाम गाजियाबाद दर्ज


Dr. C. S. Dawn
Indian College of Maternal & Child Health (ICMCH)
25 – B, C.I.T. Road, Entally, Kolkata – 700 014 Phone – (033) 2249 5767
E mail – narchi@narchi.org Website – www.narchi.org

Mark – Sheet

Session – 2010-2011 Course – DIP.GO
Name of the Candidate – DR. ANJALI SHARMA
Roll No. – 1020099 Name of the Fellow Guide – DR. SHUBHA SAXENA
Examination Centre – KOLKATA City – GHAZIABAD

Theory (200)			Oral Practical (100)			Clinical (100)			Full Marks (400)	Remarks
Obstetrics (100)	Gynaecology (100)	Total (200) Pass Mark (100)	Obstetrics (50)	Gynaecology (50)	Total (100) Pass Mark (50)	Obstetrics (50)	Gynaecology (50)	Total (100) Pass Mark (50)	Pass Marks (50%) (200)	
45	52	97	25	25	50	28	25	53	200	PASS

DEAN (Dr. Barun Sarkar) SUB DEAN (Dr. Debashis Banerjee)


Dr. C. S. Dawn
Indian College of Maternal & Child Health (ICMCH)
NATIONAL ASSOCIATION FOR REPRODUCTIVE & CHILD HEALTH OF INDIA (NARCHI)
AFFILIATED TO
INTERNATIONAL ASSOCIATION FOR MATERNAL & NEONATAL HEALTH (IAMANEH), GENEVA
This is to certify that
Dr. Anjali Sharma MBBS
has successfully passed the DIPLOMATE OF GYNAECOLOGY & OBSTETRICS Post Graduate training and evaluation programme of the college during the course period of 2009-2011, in the examination of 2011 conducted by the National Examination Body.
His/Her Fellow Guide was Dr. Shubha Saxena
Dr. Chandravati Chairperson, ICMCH
Dated: 16th September 2012
25B, C.I.T. Road, Kolkata 700 014
ICMCH NO: 1020099
Dr. Barun Sarkar Dean, ICMCH
Dr. Subrataa Dawn Secretary General,
Scanned with OKEN Scanner

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

क्लास 1 ऑफीसर बनना वो भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे यह मुन्ना भाई एमबीबीएस जैसे डॉक्टर जिला अस्पताल में आज भी काम कर रहे है और शासन प्रशासन सिर्फ मुंह तांक रहे है न ही कोई कार्रवाई हो पा रही और न ही दूसरे किसी डॉक्टर की नियुक्ति , जिससे प्रसूताओं और गर्भवतीयों को जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

मामला क्लास 1 का प्रमोशन लेने वाली गायनिक डॉ अंजली शर्मा से जुडा हुआ है जिन्होने पोस्ट ग्रेजुएशन की जगह एक डिप्लोमा का प्रमाणपत्र लगाया और क्लास बन हो गई परंतु हैरत की बात तो यह है कि इन्हें गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन तक नहीं आते है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनका प्रमोशन किसके लिए लाभ दायक है। इस बारे में जब पिछले दिनों भोपाल से ज्याइंट डायरेक्टर डॉ नीरा चैधरी रीजनल डायरेक्टर द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया तो उनसे हुए संवाद में डॉ अंजली शर्मा ने यह बात स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन करना नहीं आता जिस पर रीजनल डायरेक्टर भी अचंभित रह गई। जब अधिकारी ने सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल से पूछा गया तो उन्होने बताया कि डॉ अर्चना की डिग्रियों और प्रमोशन संबंधी सभी दस्तावेज भोपाल हेल्थ कमीशनर तक पहुंचा दिए गए है।

डिप्लोमेट इन गायनिक एवं डिआईपी जीओ अंकसूचियों पर संदेह

डॉ अंजली शर्मा द्वारा जेनेवा से 2009-11 में डिप्लोमेट ऑफ गायनिक एंड ऑवटेटिक्स करना बताया एवं 2010-2011 में डिआईपी डॉट जीओ में डिप्लोमा कलकत्ता से किया गया है जिसमें भी परीक्षा कें्रद कलकत्ता बताया गया एवं शहर का नाम गाजियाबाद लिखा गया है। इन्ही सभी अनियमितताओं के चलते एवं पोस्ट ग्रेजुएट न होने पर भी क्लास वन का प्रमोशन पर सवालियां निशान लग गए है ।

हेल्थ कमीशनर भी नहीं कर पाए 8 महिने में कोई ठोस कार्रवाई

क्लास-1 प्रमोशन के बाद विवादों में आई डॉ अंजली शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ पर एनजीओ द्वारा दिया गया डीजीओ डिप्लोमा से प्रमोशन लेने का आरोप है जिसको पोस्टग्रेजुएट के समकक्ष बताकर क्लास -1 का प्रमोशन ले लिया गया है। जिस पर सिविल सर्जन ने 6 जनवरी 2025 को हेल्थ कमीश्नर भोपाल को समस्त दस्तावेज भेजकर इस बात से अवगत कराया परंतु हैरत है कि 8 महिने बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं कर पाया है।

निर्णय लेंगे

हां, जांच तो चल रही है इनके दस्तावेजों के संबंध में जल्दी ही सही या गलत होने का निर्णय ले लिया जाएगा।
डॉ हेमेन्द्र सिंह कदम डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ भोपाल

संकट मोचन बलड़ी क्षेत्र का मामला

परिजनों से कहासुनी के बाद फांसी के फंदे पर झूला युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों क्षेत्र के युवा छोटे-मोटे कारणों के चलते अपना अमूल्य जीवन गवाने पर तुले हैं। ऐसे ही एक मामले में स्थानीय संकट मोचन कॉलानी क्षेत्र निवासी एक युवक ने रविवार रात्रि परिजनों से हुई थोड़ी कहासुनी के बाद कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा इत्यादि के उपरान्त सोमवार को मृतक के पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार संकट मोचन कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय महेश पिता गंगाराम मेवाड़े ने रविवार रात्रि करीब 8.30 बजे अपने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। इस घटना के पहले किसी बात पर मृतक महेश की परिजनों से कुछ कहासुनी भी हुई थी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही उपरान्त शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में मृतक के पोस्टमार्टम उपरान्त शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

गाय बांध रहे किशोर के गले में फंस गई रस्सी, मौत

विदिशा। ओलिंजा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार शाम को गाय को बांधते समय रस्सी गले में फंसने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सागर निवासी कृष्ण पटेल अपनी मां के साथ मामा के घर ओलिंजा आया हुआ था। शाम के समय वह गाय को बांध रहा था। इसी दौरान अचानक रस्सी उसके गले में उलझ गई। कृष्णपाल ने रस्सी निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। इससे उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने जैसे ही यह देखा तुरंत उसके गले से रस्सी निकालने का प्रयास किया। किसी तरह रस्सी तो खोल दी गई, लेकिन तब तक किशोर की हालत खराब हो चुकी थी। उसे तुरंत विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय की समस्या को लेकर आवेदन प्राचार्य को सौंपा



जीरापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जीरापुर को आवेदन प्रस्तुत कर महाविद्यालय में हो रहे घटिया निर्माण की शिकायत दर्ज कराई गई।आवेदन में उल्लेख किया कि टीनशैड पेवर ब्लॉक आदि का निर्माण घटिया रूप से हो रहा है। कॉलेज प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।इसी प्रकार एक ओर आवेदन में अतिथि विद्वान को नियम विरुद्ध नियुक्ति के संबंध में प्रेषित किया गया कि हिंदी विषय के पद पर अतिथि विद्वान की नियुक्ति होना थी जो कि अतिथि विद्वान की प्रक्रिया के बिल्कुल विपरीत बिना किसी शासकीय आदेश के नियुक्ति तिथि 22७8७2025 के बाद दिनांक 23७8७2025 को प्राचार्य हिमांशु चेष्टा द्वारा नियुक्ति दी गई,जो शासन के नियम विरूद्ध है शासन द्वारा जो नियुक्ति लिस्ट जारी की गई उसमें कहीं भी हिंदी विद्वान का नाम नहीं था।जबकि 22७8७2025 होने के बाद प्राचार्य हिमांशु चाष्टा द्वारा हिंदी विषय में नेहा गुप्ता को ज्वाइन कराया गया जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। आवेदन देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांतीय सदस्य अर्जुन दांगी ,पूर्व अध्यक्ष पवन सिसोदिया , संयोजक कमलेश दांगी ,केम्पस अध्यक्ष नरेंद्र चैहान , मीडिया प्रभारी राहुल दांगी, केम्पस अध्यक्ष निकिता प्रजापति , सहित रामपाल सिसोदिया , अंकित दांगी , शुभम , रीना प्रजापति , मनीषा पवांर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य डा.हिमांशु चाष्टा का कहना है नेहा गुप्ता ट्रांसफर होकर आई पूर्ववत नियमानुसार ज्वाइन की गई है। इस संबंध में नेहा गुप्ता अतिथि विद्वान (प्राध्यापक) का कहना है कि शासन की ओर से ट्रांसफर होकर आई जो नियमानुसार है।'

स्वदेशी को बढ़ावा देने सेवा भारती संस्था की पहल

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने इलेक्ट्रिक सीरीज बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

राजगढ़। सेवा भारती संस्था अपने विभिन्न प्रकल्पों के जरिए महिलाओं सहित अन्य को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में जुटी हुई है। आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों के मद्धेनजर घर की साज-सज्जा चायनीज सामानों की बजाय स्वदेशी उत्पादों से की जाए, इसके लिए भी सेवा भारती द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संस्था द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्धेश्य से खिलचीपुर एवं छापीहेड़ा क्षेत्र की 80 महिलाओं को स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक सीरीज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए संस्था द्वारा महिलाओं को कच्चा माल भी उपलब्ध करवाया गया। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि बाजार में मंहगे दामों में मिलने वाली अनेकों ऐसी वस्तुएं हैं जिनका निर्माण हम घर ही कर सकते हैं। सेवा भारती के प्रांत प्रशिक्षक बलराम ने सभी महिलाओं को सीरीज बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक प्रेमसिंह दांगी, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष जया जायसवाल, सचिव मार्तण्ड सिंह सौलंकी, रामकला तोमर, आकांक्षा दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

बारिश में भी कम नहीं हुआ उत्साह

बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर निकाला भव्य चल-समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान कृष्ण के अवतार माने जाने वाले बाबा रामदेव का जन्मोत्सव सोमवार को क्षेत्र में धूमधाम, उल्लास एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। इस दौरान तंवर समाज सहित बाबा रामदेव के अन्य भक्तों द्वारा नगर में एक भव्य चल-समारोह भी आयोजित किया गया। स्थानीय रामलीला कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर से पूजा-अर्चना उपरान्त ढोल-ढमाकों एवं डीजे की धुन के साथ आरंभ हुआ चल-समारोह खिलचीपुर नाका, बाईपास, नाका नंबर-3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चैक, किला क्षेत्र, तुल्ली चैक, पुराना बस स्टैंड होते हुए ढंढ जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चल-समारोह में शामिल लोगों का कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शीतल जल से स्वागत, अभिनंदन किया गया। चल-समारोह के दौरान बीच-बीच में बारिश भी हुई लेकिन यह वर्षा श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर पाई।

मंदिर में महाआरती उपरान्त भंडारा आयोजित

चल-समारोह के बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर पूजा-अर्चना उपरान्त महाआरती की गई। इसके उपरान्त मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी गृहण करते हुए बाबा रामदेव का आर्शिवाद प्राप्त किया। चल-समारोह हेतु सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिहाज से स्थान-स्थान पर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

माटी के गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन, मंत्री टेटवाल ने दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में स्थानीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में माटी गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य ममता खुईया ने की कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की, इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि ष्आज पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हमें माटी से बने गणेश की स्थापना करनी चाहिए। केमिकलयुक्त रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां विसर्जन के बाद गलती नहीं हैं और जल स्त्रोतों को दूषित करती हैं। माटी से निर्मित गणेश मूर्तियों की स्थापना कर हम नदियों को स्वच्छ और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।ष उन्होंने आगे कहा कि हमारे भैया-बहनों की उंगलियों में अनंत कलाएं हैं, जिसका उत्कृष्ट उदाहरण इस प्रशिक्षण कार्यशाला में देखने को मिला। वही प्रशिक्षक सुशील व्यास 'सारंग' के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया है। मंत्रीजी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि "हम सब अपने घरों में माटी से बने गणेश स्थापित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।"

कार्यक्रम की भूमिका जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोइया, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विकास दीक्षित, निलेश वर्मा रवि शर्मा, मनोहर लववंशी, नपा सीएमओ सुश्री ज्योति सुनहरे मेंटर्स पवन सिंह राजपूत,अनिल विश्वकर्मा सहित महाविद्यालय स्टॉप एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

मंत्री टेटवाल ने लोक देवता रामदेव की पूजा-अर्चना

नपा कर्मियों को पहचान पत्र हेतु वर्दी वितरण के दिए निर्देश

सारंगपुर । लोक देवता रामदेव की समूचे शीट,,,में अनुयाइयों द्वारा पूजा अर्चना आरती भंडारा किया गया ,इसी क्रम में नगर पालिका परिषद सारंगपुर के परिसर में स्थित रामदेव मंदिर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सपत्नीक पूजा अर्चना की ,इसके बाद नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे को निर्देश दिए कि नपा के समस्त कर्मचारियों का पहचान पत्र एवं नियमानुसार वर्दी वितरण की जाएं साथ ही सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से लगाई जाएं वहीं रामदेव महाराज के मंदिर पर सपरिवार विधि विधान से पूजन कर मंदिर के जीणोद्धार के लिए राज्य मंत्री टेटवाल की माता जी की और से 50 हजार रुपए देने की घोषणा की,वही सीएमओ ज्योति सुनेरे द्वारा तत्काल ही उपयंत्री को निर्देश दिए कि उक्त मंदिर निर्माण कार्य का कार्य जल्द कराया जाए ।

झंडा चौक स्थित मतदान केंद्र भवन तोड़ने का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर परिषद द्वारा झंडा चोक स्थित मतदान केंद्र का भवन जो अच्छी हालत में था उसे शुक्रवार रात्रि में नगर परिषद द्वारा तोड़ दिया गया जिसका विरोध नगर परिषद के अनेक पार्षदों सहित उपाध्यक्ष ने भी किया सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार दोपहर नायब तहसीलदार रामनिवास को एसडीएम खिलचीपुर के नाम एक ज्ञापन दिया! जिसमे को पार्षदों के साथ सांसद प्रतिनिधि और भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा पार्षदों ने अपनी सील लगाकर हस्ताक्षर किए हैं। ज्ञापन में इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है की भवन विभन्न प्रकार से उपयोगी था वा अच्छे हालत में था जिसका उपयोग मतदान केंद्र के रूप में उपयोग भी किया जाता था इसे बिना चुनाव आयोग वा परिषद की मंजूरी के तोड़ दिया गया है अतः इसे वापस बनाया जाए। वरना जनता द्वारा उग्र आंदोलन किया जावेगा इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल वा कलेक्टर राजगढ़ को भी भेजी गईं हैं।

टाइम लिमिट बैठक में विभिन्न लापरवाहियों पर नजर आया कलेक्टर का सख्त रुख

सचिव निलंबित, 3 तहसीलदारों को नोटिस, तीन की वेतनवृद्धि रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में टाईम लिमिट बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों, ई-ऑफिस लॉगिन, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय उत्तरदायित्वों की गहन समीक्षा की गई।

शिक्षक एप पर उपस्थिति नहीं लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटने दिए निर्देश

कुछ प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से अधिकारियों ने सीधे संवाद कर तत्काल समाधान की पहल की। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तहसीलदार जीरापुर, खिलचीपुर और नरसिंहगढ़ को सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास के जुड़े एक मामले में पंचायत सचिव की लापरवाही नजर आने पर कलेक्टर ने संबंधित सचिव एवं रोजगार सहायक का एक माह का वेतन वसूलकर जो हितग्राही प्रधानमंत्री आवास में पात्र हैं, उन्हें भुगतान किए जाने के निर्देश ब्यावरा जनपद पंचायत के सीईओ को प्रदान किए वहीं पंचायत सचिव श्री हिंदू सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत अब तक लॉगिन न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया। श्री सुभाष दांगी, श्री राजीव मोर्या एवं श्री अनिल कुमार मेवाड़े की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के आदेश दिए गए।

अच्छे कार्य करने वालों को मिली प्रशंसा

ऊर्जा विभाग को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के प्रभावी निराकरण हेतु सराहना प्राप्त हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारंगपुर को ई-केवायसी प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा की गई। गत दिवस निति आयोग के आकांशी ब्लॉक व आंकाक्षी जिला के संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में जिपं एसीईओ अर्पित गुप्ता, जीरापुर जनपद के तत्कालीन सीईओ हेमेंद्र ग्वाली एवं ई- गर्वेनेस प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी शामिल हैं। पीएम किसान सम्मान निधि और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित मामलों की प्रकरणवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया कि वह सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ लें।

ई-अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटा जाए

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देशित किया कि जो शिक्षक समय पर ई-उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षक को निर्देशित किया गया कि वे शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित एवं सख्त निगरानी करें। अतिथि शिक्षक यदि अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं करते हैं तो उस दिन का मानदेय उन्हें न दिया जाए। यदि ऐसे दिनों का भुगतान हो जाता है, तो वह राशि संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षक से वसूली जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हमारे शिक्षक एप द्वारा नियमित शिक्षक, कर्मचारियों और अतिथि शिक्षकों द्वारा दर्ज की जाने वाली प्रतिदिन की उपस्थिति एवं इसकी मॉनिटरिंग की जानकारी ब्लॉकवार दर्ज की जाए। ऐसे संकुल जहां शिक्षकों द्वारा कम संख्या में अटेंडेंस ऐप के माध्यम से उपस्थिति लगाई जा रही है, उन संकुल प्राचार्य को नोटिस दिए जाने के साथ ही प्रतिमाह ई-अटेंडेंस में कमी होने पर वेतन रोकने के लिए पत्र जारी किए जाए।

शिकायतें पेंडिंग रखीं तो लगेगा जुर्माना

सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निपटारा 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक विलंब पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। ऑफलाइन शिकायतें अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी। सभी शिकायतें केवल ऑनलाइन मोड में दर्ज हों।